*संपादकीय*

# अभी सिर्फ पुनर्विचार है

भारत सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट में राज द्रोह कानून की सवैंधानिकता पर फिर से विचार के लिए दी गई याचिका का विरोध किया। उसने कहा कि भारत सरकार बनाम केदारनाथ सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट इस कानून की वैधता की पुष्टि कर चुका है। सरकार ने फिर यह सवाल उठाया कि जब सविंधान पीठ इस मामले में फैसला दे चुकी है कि तीन जजों की खंडपीठ इस मुद्दे पर कैसे सुनवाई कर सकती है? मगर इसके कुछ दिन के अंतर पर ही सरकार का हृदय परिवर्तन हुआ- या कम से कम उसने यह सकेंत देने की कोशिश की है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह खुद ही इस कानून की प्रासंगिकता पर पुनर्विचार करेगी। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान सोलिसीटर जनरल ने कहा कि जो काम पंडित नेहरू नहीं कर पाए, वह वर्तमान सरकार करने जा रही है। इस कथन पर लोगों का आवाक रह जाना लाजिमी है।

आखिर सरकार ने यह तो कहा नहीं है कि वह इस कानून को रद्द करने जा रही है। उसने सिर्फ इस पर पुनर्विचार की बात कही है। समाज के कई हलकों में इसे सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार को टालने की एक चाल के रूप में देखा है। आखिर यह कानून जिस थोक भाव से नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लोगों पर लगाया गया, वैसा उसके पहले कभी नहीं हुआ था। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते आठ साल में 400 से अधिक से लोगों को इस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। ऐसा करते हुए सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया कि कोई विचार रखना या उससे संबंधित किताबें आदि रखना राज द्रोह नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि यह कानून तभी लागू हो सकता है कि जब व्यक्ति हिंसा या विद्रोह भडक़ाने की वास्तविक गतिविधि में शामिल हो। और फिर बात सिर्फ इस कानून की नहीं है। यूएपीए में जिस तरह की धाराएं शामिल की गईं और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का जिस तरह इस्तेमाल हुआ है, उससे सरकार के इरादे पर शक करने का ठोस आधार बनता है। बहरहाल, अब सरकार का हृदय परिवर्तन हुआ है, यह तभी माना जाएगा, अगर वह जल्द से जल्द इस कानून को रद्द करने का फैसला करे।

# बीकेटी ने लालिगा के साथ अपनी साझेदारी को बरकरार रखा

**नई दिल्ली ।** यह फुटबॉल नहीं, यह लालिगा है। - एक ऐसी प्रतियोगिता जहाँ दुनिया के प्रमुख क्लब एक-दूसरे को ललकारते हैं, जहां फुटबॉल के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी - सभी समर्पित दीवानों द्वारा प्रशंसित और उनकी प्रेरणा के स्रोत सितारे खेलते हैं। लेकिन यह जबरदस्त भावनाओं का भी स्रोत है क्योंकि लालिगा दुनिया में सबसे अधिक देखी जाने वाली चैंपियनशिप है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसकी पहुंच पूरी दुनिया में है और जो प्रतिभा तथा प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

इन्ही कारणों से बीकेटी ने ला लिगा दे फुतबॉल प्रोफेशनल (लालिगा) के साथ साझेदारी को बिना किसी संकोच के जारी रखने का फैसला किया है। यह 2024/2025 सीजन के अंत तक लालिगा का आधिकारिक सहयोगी बना रहेगा। यह एक जबरदस्त गठबंधन है जिसके सहारे बीकेटी फुटबॉल के प्रदर्शन के साथ दुनिया के कोने-कोने में हर घर तक पहुंचता है।

बीकेटी ऑफ-हाईवे टायरों की विशेषज्ञ एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अलग-अलग खेलों के अनेक चैंपियनशिप के प्रायोजक के रूप में अनेक वर्षों से विख्यात है। फुटबॉल (सॉकर) के अलावा बास्केटबॉल, क्रिकेट और रग्बी में भी यह सहयोग करती रही है। इस कंपनी का मानना है कि खेल अनेक प्रकार की संभावनाओं का अत्यंत प्रभावशाली साधन है। बीकेटी अपने ब्रैंड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए न केवल खेल में सहयोग करता है, बल्कि यह मुख्यत: टीम और सहयोगात्मक भावना तथा समावेशन के साथ भावनाओं और सकात्रत्मक मूल्यों को भी जाग्रत करता है। इन थीमों में बीकेटी की गहरी आस्था है और कंपनी इन्हें पूरे विश्व में संचारित, प्रसारित और संरक्षित करना चाहती है।

लेकिन, स्पेनिश फुटबॉल के साथ यह गठबंधन एक ऐसा सहयोग है जो असाधारण और जोशीले उत्साह के चिन्ह पर केन्द्रित है। वर्ष 2019 से प्रारम्भ यह साझेदारी साझा मूल्यों पर आधारित है, जहाँ स्टेडियमों के भीतर और बाहर, दोनों जगह निष्पक्षता को सम्मानित और महसूस किया जाता है। बीकेटी और लालिगा असल में लोगों और प्रतिद्वंदियों के लिए सम्मान; प्रतिबद्धता और संकल्प, चुनौतियाँ स्वीकार करने के साहस, धैर्य और निरंतरता, तथा सबसे बढक़र टीम वर्क पर आधारित खेल संस्कृति के प्रसार की इच्छा-शक्ति के सहारे संयुक्त हैं।

बीकेटी यूरोप की सीईओ लूसिया सैल्मासो ने कहा कि, हम लालिगा के साथ-साथ चलने पर रोमांच और गर्व का अनुभव कर रहे हैं। मुझे यह आइडिया पसंद है कि हम दोनों अपने-अपने मार्केट में महत्वपूर्ण संगठन हैं जो साधारण मार्केटिंग क्रियाकलापों से अलग हटकर चीजों को देखते हैं और संयुक्त एवं पारस्परिक प्रेरणा प्रदान करते हैं। अब देश का मतलब पूरा विश्व है। वैश्विक रूप से कार्य करने के उद्देश्य से अधिकाधिक व्यापक समुदायों तक पहुँचने के लिए एक साझा भाषा की ज़रुरत है। इसे देखते हुए, खेल से ज्यादा वायरल और क्या हो सकता है।

# विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे



**चेन्नई ।** पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद को अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ (फिडे) के उपाध्यक्ष के पद के लिये उम्मीदवार घोषित किया गया है।

आनंद का नाम फिडे के अध्यक्ष आरकेडी वारकोविच की अध्यक्ष टीम के हिस्से के रूप में घोषित किया गया है। आनंद ने इस बारे में ट्वीट करते हुए कहा, शतरंज के उज्जवल और बेहतर भविष्य का हिस्सा बनने की आशा करता हूं।

ट्वीट में कहा गया कि यदि वोरकोविच अगस्त 2022 में (विश्व चेस ऑलंपियाड के दौरान) चेन्नई में होने वाले फिडे चुनाव जीत जाते हैं तो विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष बन जाएंगे।

इस बारे में वोरकोविच ने कहा, प्रिय साथियों और शतरंज खेलने वाले मित्रों, फाइड अध्यक्ष चुनावों के लिये मैं खुशी के साथ अपनी मौजूदा टीम प्रस्तुत करना चाहूंगा। आरकेडी वोरकोविच- अध्यक्ष, विश्वनाथन आनंद- उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट), ज्हू चेन-कोषाध्यक्ष, जोरियान ऑलिन जैनसन- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)। उल्लेखनीय है कि आनंद ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह चुनाव में वोरकोविच का पूर्ण समर्थन करेंगे।

# अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह चोट के कारण एशिया कप से बाहर

**बेंगलुरू ।** भारत के दिग्गज ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह इंडोनेशिया के जकार्ता में 23 मई से शुरू होने वाले हीरो पुरुष एशिया कप से चोट के चलते बाहर हो गये हैं। 20-सदस्यीय टीम के कप्तान चुने गये रूपिंदर को ट्रेनिंग सेशन के दौरान कलाई में चोट आई है। 10 दिन बाद शुरू होने वाले टूर्नामेंट में नीलम संजीप खेस उनकी जगह लेंगे। साथ ही रूपिंदर की गैरमौजूदगी में अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा कप्तान की जिम्मेदारी निभायेंगे, जबकि फॉरवर्ड एसवी सुनील टीम के उप-कप्तान रहेंगे। भारतीय टीम के कोच बीजे करियप्पा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूपिंदर को ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोट लग गई है और वह हीरो एशिया कप का हिस्सा नहीं बनेंगे। बीरेंद्र और सुनील दोनों काफी अनुभवी हैं और कई वर्षों से नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। हम रूपिंदर की कमी महसूस करेंगे, मगर हमारे पास पूल में बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। हमारे पास खिलाडिय़ों का एक बहुत ही प्रतिभाशाली समूह है, और वे इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

# इंग्लैंड की टेस्ट टीम को फ़र्श से उठाना असली चुनौती : मैकुलम



**मुम्बई ।** इंग्लैंड के नए टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि सफ़ेद गेंद टीमों को संभालने के आरामदेय काम से इतर उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट को फ़र्श से उभारने की ज़िम्मेदारी को पसंद किया। मैकुलम के नियुक्ति की घोषणा की गई और वह कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल अभियान की समाप्ति के तुरंत बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ 2 जून से होने वाली सीरीज़ से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा, मैंने दोनों भूमिकाओं को देखा लेकिन सफ़ेद गेंद के कोच की भूमिका मुझे रास नहीं आई। इन प्रारूपों में इंग्लैंड शायद दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और वहां मेरे अच्छे दोस्त ओएन मॉर्गन ने बहुत बढिय़ा सिस्टम बनाया है, जो मुझे लगता है कि उनके बाद भी अच्छे से चलती रहेगी। मेरे लिए ऐसी आरामदेय काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। मुझे हमेशा लगता है कि अगर आप अपने जीवन में कुछ बदलना चाहते हैं तो आपको कुछ ज़्यादा संघर्षपूर्ण चुनौती की ज़रूरत होती है। फ़िलहाल इंग्लैंड की टेस्ट टीम फ़र्श पर है और इसे आने वाले वक़्त में एक सफल टीम बनाने में ही असली चुनौती दिखी।

मैकुलम ने यह भी माना कि अपने पिछले 17 में सिफऱ् एक टेस्ट जीते हुए इंग्लैंड को सशक्त बनाना टेस्ट फ़ॉर्मैट के स्वास्थ्य के लिए भी ज़रूरी है। मैकुलम का अनुबंध चार साल का है अर्थात वह 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एशेज तक टीम के साथ होंगे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता दिन प्रति दिन कम हो रही है। मैं सीमित ओवर की क्रिकेट और फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट के साथ जुड़े रहने में काफ़ी भाग्यशाली रहा हूं, लेकिन मेरा असली प्यार टेस्ट क्रिकेट ही है। अगर टेस्ट क्रिकेट को कोई देश फिर से आकर्षक और लोकप्रिय बना सकता है तो वह इंग्लैंड ही है। अगर आप चहरे पर मुस्कान लिए एक आकर्षक टेस्ट शैली खेल सकते हैं तो ऐसे में मुझे लगा कि अगर मुझे इस काम के क़ाबिल समझा गया है तो यह मेरे लिए सही है।

# टेक महिंद्रा का चौथी तिमाही लाभ 39 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1506 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 39.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,506 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया। इस तिमाही में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कंपनी का राजस्व 24.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,116 करोड़ रुपये रहा।

टेक महिंद्रा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन लाभ (एबिटडा) एक साल पहले की तुलना में 7.2 प्रतिशत और इससे ठीक पिछली वाली तिमाही की तुलना 1.4 प्रतिशत बढक़र 2,088 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 17.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 44,646 करोड़ रुपये का राजस्व दिखाया है। वर्ष के दौरान कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना 25.7 प्रतिशत बढक़र 5,566 करोड़ रुपये रहा।




वर्ष के दौरान कंपनी का प्रति शेयर लाभ 62.8 रुपये रहा। टेक महिंद्रा के निदेशक मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये की दर से अतिरिक्त लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ने इससे पहले पांच रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 15 रुपये की दर से एक अंतरिम लाभांश घोषित किया था। इस तरह वर्ष के दौरान कुल लाभांश 45 रुपये प्रति शेयर होगा।

वर्ष के दौरान कंपनी का परिचालन लाभ 8,020 करोड़ रुपये था जो एक साल पहले से 17 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का कुल मुक्त नगदी प्रवाह 4,417 करोड़ रुपये रहा।

टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और मुख्य अधीशासी सी पी गुरनानी ने कहा, हमारे प्रदर्शन में सुधार मनुष्यों पर केंद्रित अनुभवों, नवप्रवर्तन पर विशेष ध्यान और ग्राहकों एवं भागीदारों का एक मजबूत तंत्र सृजित करने की हमारी क्षमता शक्ति को दर्शाता है।

# उमरान को अभी और परिपक्व होने की ज़रूरत है : शमी




**मुम्बई ।** गुजरात टाइटंस के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने कहा है कि वह सनराइज़र्स हैदराबाद के युवा तेज़ गेंदबाज़ उमरान मलिक की तेज़ी से प्रभावित तो ज़रूर हैं, लेकिन उन्हें अभी और मेहनत करने की ज़रूरत है।

शमी ने एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से पेस का बहुत बड़ा फ़ैन नहीं हूं। पेस होना सही है लेकिन अगर आप 140 (किमी प्रति घंटा) की गति से भी दोनों तरफ़ गेंद को स्विंग करा सकते हैं, तो वह किभी भी बल्लेबाज़ को परेशान करने के लिए काफ़ी होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि अभी उमरान मलिक को परिपक्व होने में थोड़ा सा समय है। उसके पास गति ज़रूर है, लेकिन जैसे-जैसे वह मैच खेलता जाएगा, वह गति के साथ गेंदबाज़ी के लिए ज़रूरी अन्य चीज़ों को भी सीखता जाएगा।

शमी इस आईपीएल से निकल रही भारतीय युवा तेज़ गेंदबाज़ों की पीढ़ी से भी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इस सीजऩ में कई युवा भारतीय तेज़ गेंदबाज़ पूरे आत्मविश्वास के साथ गेंदबाज़ी कर रहे हैं और कमाल का प्रदर्शन दे रहे हैं। एक तेज़ गेंदबाज़ के रूप में लगातार बेहतर होने के लिए आपको प्रतिभा के साथ-साथ मैच प्रैक्टिस भी चाहिए होती है। इस आईपीएल से इन युवा तेज़ गेंदबाज़ों को वह मैच प्रैक्टिस मिल रही है। वे सीनियर्स के साथ समय बिता रहे हैं और उनके अनुभवों से भी सीख रहे हैं।इस दौरान उन्होंने गुजरात के यश दयाल और साथ में अभ्यास कर चुके लखनऊ सुपर जायंट्स के मोहसिन ख़ान की भी तारीफ़ की।

ख़ुद के प्रदर्शन और सफ़ेद गेंद क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में बात करते हुए शमी ने कहा, जब-जब मुझे सफ़ेद गेंद की क्रिकेट में मौक़ा मिला है मैंने अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश की है और मैं सफल भी हुआ हूं। पिछले तीन-चार आईपीएल सीजऩ से मैं सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों में से हूं।

# रिलीज हुआ नुसरत भरुचा की फिल्म जनहित में जारी का पहला गाना



जावेद अली अब एक बार फिर से फिल्म जनहित में जारी के रोमांटिक सॉन्ग पर्दा दारी के साथ वापसी कर रहे हैं। जी हाँ और इस गाने में उनका साथ दिया है ध्वनि भानुशाली ने। जी दरअसल आज हिट्ज़ म्यूजिक़ पर रिलीज़ हुए पर्दा दारी गाने में नुसरत भरुचा और अनुद सिंह नजऱ आएं हैं, जो आप देख सकते हैं। इस गाने के लिए पहली बार जावेद अली और ध्वनि भानुशाली एक साथ आए हैं। प्रीनी सिद्धांत माधव द्वारा रचित, समीर अंजान के बोलों के साथ, यह गीत प्यार करने वाले लोगों के लिए हैं। जय बसंतू द्वारा निर्देशित यह खुबसूरत गाना और इसके बोल एकजुटता की फीलिंग को परिभाषित करते हैं। इस गाने के बारे में जावेद अली कहते हैं, रोमांटिक सॉन्स का जब नशा चढ़ता है, वो बहुत देर तक रहता है दिल और दिमाग में। लव सॉन्ग एक बहुत ही खुबसूरत जरिया है कि कोई एक दूसरे के बारे में क्या महसूस करता है। पर्दा दारी के साथ हमने एकजुटता के सार को छूने की कोशिश की है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उसी तरह का प्यार और सराहना देंगे जो उन्होंने हमेशा मुझे दिया है। वहीं ध्वनि भानुशाली कहती हैं, पर्दा दारी में एक सुंदर सहज राग है जो आपके कानों को बहुत सुकून देता है। यह एक ऐसा गाना है जिसे गुनगुना बहुत ही आसान है जो आप के मूड को सही कर देता है। जावेद अली के साथ इस ट्रैक के लिए गाना गाना सीखने जैसा है।

# सांकेतिक भाषा में रिलीज हुई द कश्मीर फाइल्स




कश्मीरी पंडितों के दर्द को बयां करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स तमाम विवादों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई का रिकॉर्ड बना चुकी है। इस फिल्म को लोगों का बहुत प्यार मिला और फिल्म ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। आप सभी को बता दें कि विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित फिल्म को तमाम अभिनेताओं और राजनेताओं द्वारा भी पसंद किया गया है। वहीं इस फिल्म की जबरदस्त सफलता को देखते हुए कई राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री भी कर दिया गया था। अब आज यानी 13 मई को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ भाषा में रिलीज कर दी गई है। जी हाँ और इसी के साथ ही इस फिल्म का ओटीटी पर सांकेतिक भाषा में भी प्रीमियर किया गया।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आर्थिक रूप से आपको सफलता मिलेगी। शारीरिक रूप से भी खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज पुराने समय से आ रही समस्याओं का आसानी से हल निकल जाएगा।

***वृष-*** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें सफल जरुर होंगे। पुराने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का अवसर भी आपको मिलेगा।

***मिथुन-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज माता-पिता के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढऩे का रास्ता मिलेगा। मानसिक रूप से खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

***कर्क-***आपका दिन सामान्य बना रहेगा। आज किसी बड़ी बिजनेस डील को बहुत सोच समझकर करने की जरूरत है। किसी अनुभवी व्यक्ति या फिर विश्वास पात्र की राय लेने के बाद ही कदम आगे बढ़ाएं।

***सिंह-***आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं की तलाश कर पाएंगे। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है, नियमित व्यायाम करते रहिए।

***कन्या-*** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक से लाभ दिलाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

***तुला-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप नई उर्जा से भरे रहेंगे। काम की दृष्टि से आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी, लेकिन सारे काम शाम तक आसानी से निपट जायेंगे। आज घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है, इससे घर का माहौल अच्छा बना रहेगा।

***वृश्चिक -*** आज आपका दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आज किसी से ऊँची आवाज में बात ना करें ।संयम और धैर्य से काम करें। आज का दिन खुद में बदलाव लाने वाला है। आपको जीवन में आगे बढऩे के लिए नई योजनाएँ बनानी होगी।

***धनु -*** आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। आज विदेश यात्रा कर सकते हैं साथ ही किसी बड़ी कंपनी का बुलावा भी आपके लिए आ सकता है। छोटी-छोटी बातों में भी आज आपको खुशी तलाशने का अवसर मिलेगा।

***मकर-***आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। आज का दिन सटीक योजनाएँ बनाने का है। आज ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है।

***कुंभ-***आज आपका दिन सामान्य से थोड़ा बेहतर रहेगा। आपके पास कोई प्रेम प्रस्ताव भी आ सकता है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

***मीन-*** आज आपका दिन शुभ रहेगा ।मित्रों और स्नेही स्वजनों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। आज पिता और बड़े भाई के सहयोग से आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। जो व्यक्ति नई नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी होने वाली है।

# बनाएं ये टेस्टी और यमी डेजर्ट 'फ्रोजन योगर्ट आइसक्रीम'



गर्मियों में ठंडी चीज़ें ही सबसे जल्द राहत दिलाने का काम करती हैं खासतौर से आइसक्रीम। तो क्यों न घर पर मौजूद कुछ चीज़ों की मदद से बनाएं आइसक्रीम और लें मजा इस डेजर्ट का।

**सामग्री :**

800 ग्राम दही, 4 टेबलस्पून शहद, 150 ग्राम मिले-जुले नट्स, 1/2 टेबलस्पून वेजिटेबल ऑयल, 250 ग्राम रसबेरीज़ (यह न मिले तो इसकी जगह कोई भी बेरी का इस्तेमाल करें। कुछ न मिले तो टूटी-फ्रूटी लेने का भी ऑप्शन है।)

**विधि :**

- अवन को 200 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट होने के लिए रख दें।

- एक बोल में दही, दो टेबलस्पून शहद को मिलाकर फ्रीज में दो घंटे के लिए जमाने रख दें।

- बेकिंग ट्रे में नट्स फैलाएं, इस पर बचा हुआ शहद डालें। ऑयल का स्प्रे करके करीब 7-8 मिनट के लिए बेक करें।

- सॉसपैन में रसबेरीज़ डालें। इस पर एक टेबलस्पून पानी डालकर 4-5 मिनट तक पकाएं, जिससे इसका पल्प तैयार हो जाए। इसे छानकर ठंडा होने दें। फ्रिज से दही निकालें। इसे चाकू या फोक की मदद से खोदें। अब इस पर बेक किए हुए नट्स डालें। लगभग 3/4 के आसपास रसबेरी का पल्प इस पर डालकर मिलाएं। अब दोबारा इसे फ्रिज में दो घंटे के लिए सेट होने दें। अब इसे स्कूप की मदद से बोल में निकालें। ऊपर से बचे क्रिस्पी नट्स से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 72

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 71 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## सू-दोकू- 72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.71 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |